भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3323

08 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

बिहार में नया आयुष चिकित्सा महाविद्यालय

3323. डॉ. आलोक कुमार सुमन:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आयुष शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए बिहार, विशेषकर गोपालगंज जिले में नए आयुष महाविद्यालय स्थापित करने की योजना बनाई है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा बिहार में उक्त उद्देश्य के लिए प्रदान की गई केंद्रीय सहायता का ब्यौरा क्या है और स्थापित किए जाने वाले प्रस्तावित महाविद्यालयों की संख्या कितनी है;

(ग) बिहार में आयुष महाविद्यालयों में रिक्त पदों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने बिहार सरकार को गोपालगंज जिले में आयुष चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत करने हेतु कोई प्रस्ताव भेजा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या गोपालगंज जिले में आयुष चिकित्सा महाविद्यालय और अस्पताल हेतु बिहार से अभी तक कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(च) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण, राज्य में नए आयुष महाविद्यालयों की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आती है। भारत सरकार राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) नामक केंद्रीय प्रायोजित योजना का क्रियान्वयन करती है, जिसके अंतर्गत उन राज्यों में आयुष शिक्षण संस्थानों की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता का प्रावधान है जहाँ सरकार के पास आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें एनएएम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसार राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से उपयुक्त प्रस्ताव प्रस्तुत करके पात्र वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकती हैं। वर्तमान में, बिहार के गोपालगंज में आयुष चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

(ग): आयुष मंत्रालय शिक्षा और अभ्यास के लिए राष्ट्रीय स्तर पर नीतियाँ और मानक निर्धारित करती है, और तदनुसार, आयुष मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संगठनों, जैसे अनुसंधान परिषदों और राष्ट्रीय संस्थानों, में रिक्तियों का प्रबंधन करती है। हालाँकि, स्वास्थ्य राज्य का विषय होने के कारण संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारें अपने संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में सरकारी आयुष

महाविद्यालयों के प्रशासन और भर्ती के लिए उत्तरदायी हैं। इसलिए, बिहार के सरकारी आयुष महाविद्यालयों में रिक्त पदों का प्रबंधन बिहार सरकार द्वारा किया जाता है।

(घ): आयुष मंत्रालय ने बिहार सरकार को ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं भेजा है।

(ङ) और (च): बिहार सरकार से ऐसा कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****